डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 30 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com

एक नजर

विधायक तरसेम सिंह ने यूथ कांग्रेस के कैंप का किया उद्घाटन

जंडियाला गुरु (कुलजीत सिंह) : पंजाब यूथ कांग्रेस द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की याद में राज्य में खूनदान कैंप लगाने के तहत यूथ कांग्रेस अमृतसर (देहाती) द्वारा प्रधान दिलशेर सिंह की अध्यक्षता में सिविल हस्पताल मानावाला में एस एम ओ डॉक्टर निर्मल सिंह और ग्राम पंचायत मानावाला के सरपंच सुखराज सिंह रंधावा के सहयोग के साथ लगाया गया। इसका उद्घाटन हल्का विधायक अटारी के विधायक तरसेम सिंह डी सी ने रिबन काटकर किया।

रक्तांचल के लिए काफी वीडियो देखे, अध्ययन किया - निकितिन

मुंबई,। अभिनेता निकितिन धीर का कहना है कि उन्हें अपने नए वेब सीरीज रक्तांचल के किरदार पर काम करने के दौरान बहुत कुछ सीखना और सीखा हुआ भूलना पड़ा। शो में निकितिन ने वसीम खान की भूमिका निभाई है, वहीं क्रांति प्रकाश झा ने विजय सिंह का किरदार निभाया है।

पाकिस्तान, दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से मिली तीन करोड़ रुपये की नकदी

कराची। पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन के दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से तीन करोड़ रुपये की नकद राशि बरामद हुई है। इस विमान में 99 लोग सवार थे जिनमें से नौ बच्चे समेत 97 लोगों की मौत हो गई थी। विमान पीके-8303 लाहौर से कराची जा रहा था और इसी दौरान वह कराची अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निकट के रिहाइशी इलाके में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चमत्कारी तरीके से दो यात्री इसमें सुरक्षित बच गए।

चिकन से फैलेगा अगला वायरस, खत्म हो सकती है आधी दुनिया

नई दिल्ली। पूरी दुनिया इस समय महामारी से जूझ रही है। इसी बीच अमेरिका के एक मशहूर साइंटिस्ट ने हैरान कर देने वाली चेतावनी दी है। इस चेतावनी में साइंटिस्ट माइकल ग्रेगर ने कहा है कि चिकन फार्म्स से ऐसे वायरस निकल सकते हैं, जिससे कोरोना वायरस से भी बड़ी महामारी पैदा हो सकती है। इससे आधी दुनिया को खतरा हो सकता है।

पंजाब-हरियाणा में मौसम ने ली करवट

अगले तीन दिन नहीं सताएगी लू

डेली संवाद, नई दिल्ली

गर्मीऔर लू से त्रस्त पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के लोगों को बारिश ने राहत दी है।इन राज्यों के विभिन्न शहरों के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गईहै।जो पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा हुआथा वह अब 34 पर आ गया है।इन राज्यों के अलावा राजस्थान में अधिकतम तापमान में छह से सात डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। वहां कुछदिन पहले अधिकतम तापमान 50.0 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था।तेलंगाना और विदर्भ को छोडर देश के कई हिस्सों में लू का प्रकोप कम हो गया है। आईएमडी ने कहा कि तेलंगाना और विदर्भ को छोडर कल देश के अधिकतर हिस्सों में लू का प्रकोप कम हो गया। आईएमडी ने कहा कि 30 मई से दो जून के दौरान देश के किसी भी हिस्से में लू चलने की आशंका नहीं है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के एक जून को

केरल में दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के अधिकतर हिस्सों में गरज के साथ बारिश हुई, अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। चंडीगढ़ तथा हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में बारिश हुई, जिससे तापमान में कुछ गिरावट आई और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने कहा कि चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से सात डिग्री कम है। 2 जून तक कई शहरों में लू नहीं चलने के आसार हैं।

उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के अलावा उत्तर पश्चिमी राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान में प्रेरित चक्रवात तो छत्तीसगढ़ में ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है। इन दोनों चक्रवातों के साथ ही एक द्रोणिका उत्तरी मध्य प्रदेश से होते हुए इन दोनों चक्रवातों को आपस में जोड़ रही है। इन तीनों सिस्टमों के असर से अगले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर एवं चम्बल सहित उत्तरी मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कहीं 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने, कहीं वज्रपात होने, कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। जम्मू कश्मीर में अगले चार दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलती रहेगी। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लद्दाख क्षेत्र में मौसम आम तौर पर शुष्क रहेगा , हालांकि आज और रविवार को कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है।

टिड्डी दल के हमले को रोकने बाबत करवाया ट्रेनिंग प्रोग्राम

डेली संवाद, तरनतारन

टिड्डी दल के हमले की संभावना को देखते हुए वीरवार को डी.सी. प्रदीप सभ्रवाल की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मॉकड्रिल की। इसके अलावा ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाए गए, जिसमें बताया गया कि अगर हमला होता है तो उसे कैसे रोका जा सकता है। इस मौके पर ए.डी.सी. जगविंदरजीत सिंह, परमजीत कौर, डी.एफ.एस.सी. जसजीत कौर, डी.डी.पी.ओ. जगजीत सिंह बल्ल, डी.आर.ओ. अरविंदरपाल सिंह, एस.डी.एम. राजेश शर्मा, रजनीश अरोड़ा और नरिंदर सिंह धालीवाल मौजूद थे।

देश में कोरोना मरीजों की संख्याँ 1.70 लाख के पार

डेली संवाद, नई दिल्ली।

देश में शनिवार सुबह आठ बजे तक एक दिन में कोविड-19 से रिकॉर्ड 265 लोगों की मौत हुई और 7,964 नए मामले सामने आए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इसके साथ ही अब देश में इस संक्रामक रोग से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,971 हो गई है और संक्रमितों की संख्या 1,73,763 पर पहुंच गई है। भारत कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में नौवें स्थान पर है। मंत्रालय ने बताया कि देश में अब भी 86,422 लोगों का कोविड-19 के लिए इलाज चल रहा है जबकि 82,369 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और एक मरीज देश छोड़कर चला गया है। पिछले 24 घंटों में 11,264 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''अभी तक करीब 47.40 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं।'' कुल संक्रमित मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। शुक्रवार सुबह से लेकर अब तक हुई 265 मौतों में 116 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, 82 की दिल्ली में,20 की गुजरात,मध्य प्रदेश में 13, नौ की तमिलनाडु, सात की पश्चिम बंगाल, चार-चार लोगों की मौत तेलंगाना और राजस्थान, दो की पंजाब और एक-एक व्यक्ति की मौत छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश, झारखंड,

24 घंटे में रिकॉर्ड 7964 मामले

कर्नाटक, केरल, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हुई। इस वैश्विक महामारी से अब तक मरने वाले 4,971 लोगों में से सबसे अधिक 2,098 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। इसके बाद गुजरात में 980, दिल्ली में 398, मध्य प्रदेश में 334, पश्चिम बंगाल में 302, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 184, तमिलनाडु में 154, तेलंगाना में 71 और आंध्र प्रदेश में 60 लोगों की मौत हुई। कर्नाटक में इस बीमारी से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 48, पंजाब में 42, जम्मू कश्मीर में 28, हरियाणा में 19, बिहार में 15, केरल में आठ और ओडिशा में सात है। हिमाचल प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड में कोविड-19 से पांच-पांच लोगों की मौत हुई जबकि चंडीगढ़ और असम में अब तक चार-चार लोगों ने जान गंवाई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मेघालय और छत्तीगसढ़ में कोविड-19 से एक-एक शख्स की मौत हुई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार मौत के 70 प्रतिशत मामलों में मरीज किसी न किसी अन्य बीमारी से भी पीड़ित थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे अधिक 62,228 संक्रमित महाराष्ट्र में हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 20,246, दिल्ली में 17,386, गुजरात में 15,934, राजस्थान में 8,365, मध्य प्रदेश में 7,645 और उत्तर प्रदेश में 7,284 लोग इस बीमारी की चपेट में आए। पश्चिम बंगाल में संक्रमितों की संख्या 4,813, बिहार में 3,376, आंध्र प्रदेश में 3,436, कर्नाटक में 2,781, तेलंगाना में 2,425, पंजाब में 2,197, जम्मू कश्मीर में 2,164 और ओडिशा में 1,723 है। हरियाणा में कोरोना वायरस के 1,721 मामले सामने आए। वहीं केरल में 1,150, असम में 1,024, झारखंड में 511, उत्तराखंड में 716, छत्तीसगढ़ में 415, हिमाचल प्रदेश में 295, चंडीगढ़ में 289, त्रिपुरा में 251, लद्दाख में 74 और गोवा में 69 मामले सामने आए। मणिपुर में संक्रमण के 59, पुडुचेरी में 51 जबकि अंडमान और निकोबार द्वीप में 33 मामले सामने आए। मेघालय में अब तक कोरोना वायरस के 27, नगालैंड में 25, अरुणाचल प्रदेश में तीन, दादर और नागर हवेली में दो मामले जबकि मिजोरम और सिक्किम में अब तक एक-एक मामला सामने आया है। मंत्रालय ने कहा कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों से मिलान किया जा रहा है।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ

पीएम ने देशवासियों ने नाम जारी की चिट्ठी

डेली संवाद, नई दिल्ली

देश इन दिनों कोरोना महामारी की जंग लड़ रहा है। कोरोना काल में ही मोदी सरकार ने 29 मई को अपने दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा कर लिया। इस खास दिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को धन्यवाद कहते हुए देश के लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति को पूरे विश्व के लिए मिसाल बताया। इस पत्र में उन्होंने जहां एक ओर भाजपा के पहले कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं तो दूसरी ओर कोरोना वायरस के चलते लगातार गिरती जा रही अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का खाका भी सामने रखा। आइये पढ़ते हैं उनका पत्र उन्हीं की भाषा में...

प्रिय मित्रों, : आज से एक साल पहले भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ा। देश में दशकों बाद पूर्ण बहुमत की किसी सरकार को लगातार दूसरी बार जनता ने जिम्मेदारी सौंपी थी। इस अध्याय को रचने में आपकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। ऐसे में आज का यह दिन मेरे लिए, अवसर है आपको नमन करने का, भारत और भारतीय लोकतन्त्र के प्रति आपकी इस निष्ठा को प्रणाम करने का। यदि सामान्य स्थिति होती तो मुझे आपके बीच आकर आपके दर्शन का सौभाग्य मिलता। लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से जो परिस्थितियां बनी हैं, उन परिस्थितियों में, मैं इस पत्र के द्वारा आपके चरणों में प्रणाम करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। बीते वर्ष में आपके स्नेह, शुभाषीश और आपके सक्रिय सहयोग ने मुझे निरंतर एक नई ऊर्जा, नई प्रेरणा दी है। इस दौरान आपने लोकतंत्र की जिस सामूहिक शक्ति के दर्शन कराए वह आज पूरे विश्व के लिए एक मिसाल बन चुकी है।

हमेशा के लिए नहीं कर सकते लॉकडाउन : केजरीवाल

डेली संवाद, नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार कोरोना वायरस से ''चार कदम आगे'' और हालात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैं दिल्ली के निवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपकी सरकार कोरोना वायरस से चार कदम आगे है।'' उन्होंने कहा, ''हम कई प्रबंध कर रहे हैं जो आवश्यकता से कहीं अधिक हैं।

कुलगाम में सेना ने एनकाउंटर में मार गिराए 2 आतंकवादी

डेली संवाद, श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है। दरअसल, कुलगाम के वानपोरा में 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की। सेना, स्थल और सीआरपीएफ संयुक्त रूप से आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया और इलाके को घेल लिया था। सुरक्षाबलों ने आतंकियों से सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और दो आतंकियों के मार गिराया। फिलहाल गोलीबारी बन्द है पर तलाशी अभियान जारी है क्योंकि ऐसी खबर है कि मारे गए आतंकियों का तीसरा साथी भी था।

बाहरी राज्य से शराब लाकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

डेली संवाद, तरनतारन

लॉकडाऊन के बीच बाहरी राज्य से शराब लाकर बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया। मौके पर 170 पेटी शराब समेत ट्रक कब्जे में लेकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंधी डी.एस.पी. प्रवेश चोपड़ा ने बताया कि थाना सरहाली कलां के प्रभारी इंस्पैक्टर चंद्र भूषण को सूचना मिली कि बाहरी राज्य से शराब लाकर बेची जा रही है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी दौरान ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में अंग्रेजी शराब की 170 पेटियां बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान रणधीर सिंह निवासी गांव फतेहाबाद, दिलबाग सिंह, सुनील कुमार निवासी मंल्हापुर रोड अमृतसर के तौर पर हुई। आरोपियों खिलाफ थाना सरहाली कलां में एक्साइज एक्ट अधीन मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बिहार के मुंगेर में ब्लास्ट, नवजात बच्चे समेत 2 की मौत- छह घर धवस्त

डेली संवाद,मुंगेर

बिहार के मुंगेर के जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर एनएच 80 पर बरियारपुर इलाके में देर रात 2 बजे चाट विक्रेता के घर में बलास्ट हो गया। इस धमाके में उसकी बेटी रोमा कुमारी और नवजात नाती की मौत हो गई। दशरथ साव के घर से सटे पांच से छः घर भी इस बलास्ट की चपेट में आ गए और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शी सौरभ और भगवान साव ने यह ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आसपास के 5 से 6 घर भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बहुत देर तक एनएच 80 को जाम कर मुआवजे की मांग को लेकर हंगाम किया। जबकि जिस घर में ब्लास्ट हुआ है, वह पूरी तरह से तहस-नहस हो गया है।